Title: Regarding construction of a bridge over River Sikarhana, near Patjilwa Village in East Champaran district

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत चिरैया प्रखंड के पटजिलवा ग्राम की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ । ज्ञात हो कि उक्त पटजिलवा ग्राम सिकरहना नदी तटबंध के किनारे बसा हुआ है। बरसात के समय में जब सिकरहना नदी में बाढ़ आती है तो पटजिलवा सहित इसके आस-पास के दर्जनों ग्राम इससे प्रभावित होते है। लोग महीनो छत पर रहकर किसी भी तरह से जान बचाने को विवश होते है। क्योंकि, यह इलाका पूरी तरह से जलमग्न होता है और यहाँ के लोगों का मोतिहारी-ढाका मुख्य पथ सहित प्रखंड एवं जिला मुख्यालय से सम्पर्क टूट जाता है। लोग किसी भी तरह के इमरजेंसी हालात में भी गांव से बाहर नहीं निकल पाते है। इससे लोगों के जान-माल की भारी क्षति होती है। सिकरहना नदी पर पटजिलवा ग्राम में पुल का निर्माण होने से यहाँ हर साल बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोका जा सकता है। अतः सरकार से अनुरोध होगा कि जनहित में उपरोक्त पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत चिरैया प्रखंड के पटजिलवा ग्राम में सिकरहना नदी पर पुल निर्माण कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये ।